देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 17.05.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीडन के गोथेनबर्ग की दो दिन की यात्रा आज से शुरू हो रही है।
- चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की चल – विग्रह उत्सव डोली शीत कालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर से रवाना हुई। कल खुलेंगे कपाट।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में ''पर्यावरण संकल्प साइकिल रैली का शुभारंभ किया।
- भारत सरकार की स्मार्ट पीडीएस योजना के तहत यूनिफाइड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल लागू कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीडन के गोथेनबर्ग की दो दिन की यात्रा आज से शुरू हो रही है। श्री मोदी की यह यात्रा स्वीडन के प्रधानमंत्री महामहिम श्री उल्फ क्रिस्टर्सन के निमंत्रण पर हो रही है।

2018 में श्री मोदी की स्वीडन यात्रा के बाद से दोनों देशों के संबंध केवल खरीदार–विक्रेता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे साझा मूल्यों, एक–दूसरे की खुशहाली, औद्योगिक समृद्धि और साझा विकास से भी जुड़े हैं।

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने 2023 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन कॉप–28 के दौरान, लीड–आईटी के दूसरे चरण का शुभारंभ किया, जिसमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, साझा विकास और वित्तीय तथा तकनीकी सहायता के लिए एक औद्योगिक मंच पर जोर दिया गया।

भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से दोनों पक्षों के लिए अभूतपूर्व बाजार उपलब्ध हुआ है। इससे भारत से कपड़ा, चमड़ा और इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में भारी वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। दूसरी तरफ, यूरोप से उच्च–तकनीकी सेवाओं और निवेश के द्वार खुलेंगे।

पंच केदार

पंच केदार में से एक चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की चल – विग्रह उत्सव डोली आज विधि विधान व पूजा अर्चना के बाद शीत कालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर से रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। डोली आज रात्रि विश्राम को पनार बुग्याल पहुंचेगी। कल 18 मई को सुबह रुद्रनाथ धाम पहुंचेगी। जिसके बाद 12 बजकर .45 मिनट पर भगवान रुद्रनाथ के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस

अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी सहित देश विदेश से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

रुद्रनाथ के मुख्य पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि 18 मई को दोपहर में रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे ।

कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा कि आस्था का जो सैलाब उमड़ा है उस से सनातन धर्म को मजबूती प्रदान होगी।

बता दें कि रुद्रनाथ मंदिर ग्रीष्म काल में 6 माह मई से लेकर अक्टूबर तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। शीतकाल में 6 माह रुद्रनाथ भगवान की पूजा अर्चना गोपीनाथ मंदिर में की जाती है।

विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस

आज विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस है। आज ही के दिन 1865 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र डिजिटल–प्रौद्योगिकी एजेंसी–अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की गई थी।

इस दिवस का उद्देश्य इंटरनेट और इससे जुडी तकनीकों के सकारात्मक उपयोग को बढावा देना है।

साइकिल रैली

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्व.हरबंस कपूर की स्मृति में केन्द्रीय विद्यालय ओ०एन०जी०सी० ग्राउंड, देहरादून में "पर्यावरण संकल्प साइकिल रैली" का फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। श्री जोशी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

राशन कार्ड

भारत सरकार की स्मार्ट पीडीएस योजना के तहत राशन कार्ड सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से यूनिफाइड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (यूआरसीएमएस) पोर्टल लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब नागरिक घर बैठे नया राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने–हटाने और अन्य आवश्यक संशोधन ऑनलाइन कर सकेंगे। सरकार ने पुराने आरसीएमएस

पोर्टल को आधुनिक तकनीक और सरल प्रक्रियाओं के साथ अपग्रेड कर यूआरसीएमएस पोर्टल तैयार किया है। इससे राशन कार्ड संबंधी सेवाएं तेज, पारदर्शी और अधिक सुविधाजनक होंगी। अब लोगों को राशन कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन कराने के लिए दफ्तरों और राशन दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

देहरादून के जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल ने कहा कि नई व्यवस्था से राशन कार्ड सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को समय की बचत होगी।

सशस्त्र सीमा बल

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन बल मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली द्वारा खेल कोटा के अंतर्गत आरक्षी (सामान्य ड्यूटी) के कुल 404 पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी किया गया है। कमांडेंट कार्यालय, 55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पिथौरागढ़ द्वारा इस संबंध में जिला खेल अधिकारी, जिला रोजगार अधिकारी और जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी को पत्र भेजकर जनपद के सभी खेल प्रशिक्षण संस्थानों, स्टेडियमों, खेल अकादमियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में इसका व्यापक एवं प्रभावी प्रचार–प्रसार करने का अनुरोध किया गया है ताकि सीमांत क्षेत्र के अधिक से अधिक योग्य खिलाड़ी इस अवसर का लाभ उठा सकें। भर्ती की पूरी प्रक्रिया दो मुख्य चरणों में आयोजित की जाएगी।

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कोटद्वार में नगर निगम द्वारा निर्मित रजत जयंती पार्क (बुद्धा पार्क) का लोकार्पण किया। यह पार्क नगरवासियों, युवाओं एवं बच्चों के लिए एक सुंदर, स्वच्छ, हरित एवं प्रेरणादायी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया गया है।

श्री बलूनी ने कहा कि यह पहल केवल शहर की सौंदर्यता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली और जनसुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में यह पार्क स्थानीय नागरिकों के लिए संवाद, विश्राम और सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।